# शीत युद्ध और वर्तमान जलवायु मॉडल की सटीकता

[स्रोत: द हिंदू](#)

हाल ही में ***?????? ??????*** में प्रकाशति शोधकर्त्ताओं की एक अंतर्राष्ट्रीय टीम द्वारा कयिा गया अध्ययन वर्तमान जलवायु मॉडल की सटीकता पर जानकारी प्रदान करता है। वैज्ञानकिों ने **[शीत युद्ध](#)** के दौरान कयिे गए परमाणु परीक्षणों के डेटा का वशि्लेषण कयिा और पाया कि इन मॉडलों में **पादपों की कार्बन प्रतधािरण क्षमता का** वास्तवकिता से **अधकि आकलन** कयिा गया है।

- **कार्बन चक्र** को समझने तथा **[जलवायु परविर्तन](#) शमन प्रयासों** में इसकी भूमकिा को जानने हेतु इस अध्ययन के महत्त्वपूर्ण नहितिार्थ हैं।

## अध्ययन से संबंधति प्रमुख बदिु क्या हैं?

- **रेडियोकार्बन डेटा का उपयोग:** शीत युद्ध के परमाणु परीक्षण वध्विंसकारी थे कतिु इनके कारण जलवायु अनुसंधान का मार्ग प्रशस्त हुआ। इन परीक्षणों के दौरान नरि्मुक्त **कार्बन-14 जैसे रेडियोधर्मी समस्थानकिों** का उपयोग वायुमंडल में कार्बन की गति को ट्रैक करने के लयिे कयिा गया।
  - 1963 में **सीमति परीक्षण प्रतबिंध संधि (LTBT)** के फलस्वरूप थल, वायु और जल के नीचे परमाणु परीक्षण प्रतबिंधति कर दयिा गया, जसिसे **वायुमंडल में रेडियोकार्बन की सांद्रता नरिंतर कम हुई।**
  - अध्ययन में वायुमंडल में कार्बन के स्तर और पादपों द्वारा कार्बन के प्रतधािरण क्षमता में परविर्तन का नरीिक्षण करने के लयिे **1963 से 1967 की अवधि के रेडियोकार्बन डेटा का उपयोग** कयिा।
    - रेडियोकार्बन **ऑक्सीजन के साथ आबंध बनाकर CO2 का नरि्माण** करते हैं, जसि पौधे और वनस्पतयिाँ **[प्रकाश संश्लेषण](#)** के दौरान भोजन व ऊर्जा का उत्पादन करने के लयिे अवशोषति करते हैं, जैसा कि मॉडल द्वारा भी सुझाया गया है।
  - इस डेटा से पता चला कि पौधे पूर्व में कयिे गए अनुमान से कहीं अधकि तेज़ी से कार्बन का  प्रतधािरण और उन्हें मुक्त कर रहे हैं।
- **पौधों में कार्बन भंडारण:** शोधकर्त्ताओं ने पाया कि **पौधे प्रकाश संश्लेषण के दौरान वायुमंडल से पहले के अनुमान से अधकि CO2 अवशोषति करते हैं,** लेकनि इसे अधकि तेज़ी से पर्यावरण में वापस छोड़ देते हैं
  - पछिले अनुमानों से पता चला था कि **वशि्व भर में वनस्पतयिाँ प्रतविर्ष 43-76 बलियिन टन कार्बन संग्रहति करती** हैं, लेकनि नए अध्ययन के अनुसार यह **लगभग 80 बलियिन टन** हो सकता है।
  - **पौधों और वायुमंडल के बीच कार्बन का तेज़ी से चक्रण यह संकेत देता** है कि वर्तमान जलवायु मॉडल में समायोजन की आवश्यकता हो सकती है, जसिसे **[कार्बन अवशोषण](#)** के पुराने मॉडल को चुनौती मलि सकती है।
- **जलवायु मॉडल के लयिे नहितिार्थ:** नष्किर्ष दर्शाते हैं कि **वर्तमान जलवायु मॉडल यह अनुमान बढ़ा-चढ़ाकर लगा** सकते हैं कि पौधे कतिनी देर तक कार्बन को धारण करते हैं, जसिसे सटीकता में सुधार हेतु समायोजन की आवश्यकता होगी।
  - अध्ययन में बताया गया है कि अनेक जलवायु मॉडलों में, जनिमें **वशि्व जलवायु अनुसंधान कार्यक्रम द्वारा युग्मति मॉडल अन्तर-तुलना परयिोजना (Coupled Model Intercomparison Project- CMIP) में प्रयुक्त मॉडल** भी शामलि हैं, रेडियोकार्बन डेटा को पर्याप्त रूप से शामलि नहीं कयिा गया है।
    - डेटा एकीकरण की कमी से कार्बन भंडारण और जलवायु अनुमानों में अशुद्धि हो सकती है।
  - अमेरकिा में वकिसति **'कम्युनटिी अर्थ सस्टिम मॉडल 2'** एकमात्र ऐसा मॉडल था, जसिने अपने समि्युलेशन में रेडियोकार्बन को शामलि कयिा था, लेकनि इसने पूर्वानुमान लगाया कि पौधों ने जतिना रेडियोकार्बन अवशोषति कयिा था, उससे कहीं कम अवशोषति कयिा था।
- **भवषि्य के नहितिार्थ:** अध्ययन में **अधकि सटीक भवषि्यवाणयिों के लएि रेडियोकार्बन जैसे समस्थानकिों के बेहतर प्रतनिधित्वि के साथ बेहतर जलवायु मॉडल** की आवश्यकता को रेखांकति कयिा गया है, जो भवषि्य के जलवायु आकलन को परषि्कृत करने और मॉडल की सटीकता को बढ़ाने के लएि महत्त्वपूर्ण है।

## कार्बन चक्र क्या है और इसका जलवायु पर प्रभाव क्या है?

- **परचिय:** कार्बन चक्र पृथ्वी पर वभिनि्न जलाशयों जैसे **वायुमंडल, जलमंडल, स्थलमंडल और जीवमंडल** के माध्यम से कार्बन के प्रवाह का वर्णन करता है।
- **जलवायु पर कार्बन चक्र का प्रभाव:** कार्बन चक्र वायुमंडलीय $CO_2$ स्तर को वनियिमति करने में मदद करता है, तथा कार्बन स्रोतों (जैसे, श्वसन, दहन) और **कार्बन सकि (जैसे, वन, महासागर) के बीच संतुलन** बनाए रखता है।
  - CO2 के स्तर में उतार-चढ़ाव **ग्रीनहाउस प्रभाव** को प्रभावति करता है, जो वैश्वकि तापमान और जलवायु प्रतरूिप को प्रभावति करता है।

- महासागर वायुमंडलीय CO2 का एक महत्त्वपूर्ण हिस्सा अवशोषित करते हैं। CO2 के बढ़े हुए स्तर से **कार्बोनिक एसिड की सांद्रता बढ़ जाती है, जिससे महासागरों का अम्लीकरण होता है।**
- निर्वनीकरण जैसी गतिविधियाँ भूमि की कार्बन पृथक्करण की क्षमता को कम करती हैं, जिससे वायुमंडलीय CO2 का स्तर बढ़ जाता है।
- तापमान में वृद्धि से **परमाफ्रॉस्ट पिघलते** है, जिससे संग्रहित ग्रीनहाउस गैस मीथेन उत्सर्जित करती है, जिसके परिणामस्वरूप जलवायु परिवर्तन में वृद्धि होती है।

## जलवायु मॉडल क्या हैं?

- **परिचय:** जलवायु मॉडल **जलवायु परिवर्तन को समझने और पूर्वानुमान लगाने के लिये आवश्यक उपकरण हैं।** वे पृथ्वी की जलवायु प्रणाली का अनुकरण करने हेतु गणितीय समीकरणों का उपयोग करते हैं, जिसमें **वायुमंडल, महासागर, भूमि की सतह और बर्फ के बीच की अंतःक्रियाएँ शामिल हैं।**
  - ये मॉडल वैज्ञानिकों को विभिन्न ग्रीनहाउस गैस उत्सर्जन **परिदृश्यों के आधार पर भविष्य की जलवायु स्थितियों** का अनुमान लगाने तथा मौसम के पैटर्न, समुद्र के स्तर और पारिस्थितिकी तंत्र पर संभावित प्रभावों का आकलन करने में सहायता करते हैं।
  - जलवायु मॉडल जल संसाधन प्रबंधन, कृषि, परिवहन और शहरी नियोजन पर निर्णय लेने के लिये **आवश्यक जानकारी प्रदान करते हैं।**
- **जलवायु मॉडल और मौसम पूर्वानुमान मॉडल: मौसम पूर्वानुमानों के विपरीत, जो विशिष्ट दैनिक स्थितियों की भविष्यवाणी करते हैं, जलवायु मॉडल दीर्घकालिक जलवायु प्रतिरूप और प्रवृत्तियों के संभाव्य अनुमान प्रदान करते हैं।**
  - जलवायु मॉडल अल्पकालिक भविष्यवाणियों के बजाय **समान परिस्थितियों में वैश्विक प्रतिरूप और ऐतिहासिक मौसम रिकॉर्ड** पर ध्यान केंद्रित करते हैं।

## UPSC सिविल सेवा परीक्षा, विगत वर्ष के प्रश्न (PYQ)

**??????????**

**प्रश्न.** कार्बन डाइऑक्साइड के मानवोद्भवी उत्सर्जनों के कारण आसन्न भूमंडलीय तापन के न्यूनीकरण के संदर्भ में कार्बन प्रच्छादन हेतु निम्नलिखित में से कौन-सा/से संभावित स्थान हो सकता/सकते है/हैं ? **(2017)**

1. परित्यक्त एवं गैर-लाभकारी कोयला संस्तर
2. निःशेष तेल एवं गैस भण्डार
3. भूमिगत गभीर लवणीय शैलसमूह

**नीचे दिये गए कूट का प्रयोग कर सही उत्तर चुनिये:**

(a) केवल 1 और 2
(b) केवल 3
(c) केवल 1 और 3
(d) 1,2 और 3

**उत्तर: (d)**

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/cold-war-data-challenges-climate-model-accuracy